समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# “ख़ास मुलाकात” मे मिलिए रायगढ़ की होनहार बेटी आकांक्षा पटेल से, जो NIT रायपुर से कर रही है रिसर्च

Publisher　　　　Published on 31 May 2025



## आकांक्षा का युवाओं को संदेश – सोशल मीडिया से दूरी बनाएं और खुद पर करे भरोसा।

संवाददाता,अवास

कैवर्त,रायगढ़,छत्तीसगढ़

**रायपुर, छत्तीसगढ़ :** “**ख़ास मुलाकात, खास लोगों के साथ**” श्रृंखला में आज हम बात कर रहे हैं रायगढ़ की होनहार बेटी **आकांक्षा पटेल** की, जो वर्तमान में **NIT रायपुर से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग** में शोध कर रही हैं। पढ़ाई के साथ **अनुशासन** और **आत्मविश्वास** के दम पर उन्होंने अपनी शिक्षा और करियर में एक नया मुकाम हासिल किया है।

आकांक्षा ने बताया कि आज के युवाओं के लिए जरूरी है कि वे पढ़ाई के साथ-साथ आत्मविकास पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा –”अगर आप सफलता पाना चाहते हैं तो सोशल मीडिया से दूरी बनाएं, नियमित पढ़ाई करें और गत वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करना बिल्कुल न भूलें।”

**आकांक्षा** ने ग्रेजुएशन **सिद्धि विनायक कॉलेज, बिलासपुर** से किया और **पोस्ट ग्रेजुएशन गायत्री कॉलेज, संबलपुर (उड़ीसा)** से पूरा किया। इसके बाद उन्होंने **टैगोर ग्रुप इंस्टीट्यूट, सकरी, बिलासपुर** में एक वर्ष तक सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य किया और अब NIT रायपुर में शोधरत हैं।उन्होंने अपने पिता, जो पेशे से वकील हैं, का विशेष आभार जताया और कहा कि उनके कठिन परिश्रम ने ही उन्हें आज इस मुकाम तक पहुँचाया।

**युवाओं को प्रेरणा**

वो आज के युवाओं से आग्रह करती हैं कि वे दूसरों की सोशल मीडिया जिंदगी से अपनी तुलना न करें और असली जीवन में लक्ष्य पर केंद्रित रहें। "बाहर की दुनिया में कामयाब होना जरूरी है, न कि इंस्टाग्राम पर दिखने वाली नकली जिंदगी में।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.